केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को मोटर साईकिल/कार हेतु ऋण

3336. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को मोटर साईकल/कार खरीदने के लिए ऋण के रूप में अधिकतम कितनी राशि उपलब्ध कराई जा रही है और यह सीमा किस वर्ष में निर्धारित की गई थी ;

(ख) क्या सरकार ने इस बात का सर्वेक्षण किया है कि जिस वर्ष में यह अधिकतम सीमा निर्धारित की गई थी उस समय बाजार में मोटर साईकल/कार की कीमत कितनी थी और इस समय कितनी है यदि हां, तो कीमतों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने इन बढ़ी हुई कीमतों को ध्यान में रखते हुए मोटर साईकिल/कार खरीदने के लिए ऋण की अधिकतम सीमा बढ़ाने पर विचार किया है, यदि हां तो क्या निर्णय लिया गया है और यदि नहीं, तो क्या सरकार इस सीमा को बढ़ाने का निर्णय लेगी ?

वित्त मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री एम० बी० चन्द्रशेखरमूर्ति) : (क) केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को मोटर साईकिल मोटर कार खीदने के लिए स्वीकार्य अग्रिम की अधिकतम राशि निम्नलिखित है :—

(i) मोटर साईकिल/स्कूटर/मोपेड अग्रिम : 1500 रु. प्रतिमाह और उससे अधिक मूल वेतन पाने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी 13,000 रु. तक अथवा 8 माह का मूल वेतन अथवा वाहन के प्रत्याशित मूल्य के बराबर अग्रिम राशि, इनमें जो भी कम हो, प्राप्त करने के पात्र हैं दूसरी बार अथवा बाद के किन्हीं मौकों पर अग्रिम की राशि घटाकर 10000/—रु० तक अथवा 6 माह के मूल वेतन अथवा वाहन के प्रत्याशित मूल्य के बराबर इनमें जो भी कम हो, कर दी जाती है ।

(ii) मोटर कार अग्रिम 3500/— रु0 प्रतिमाह अथवा उससे अधिक मूल वेतन पाने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी 80,000/—रु0 तक अग्रिम अथवा संबंधित सरकारी कर्मचारी के 16 महीने के मूल वेतन के बराबर अथवा मोटर कार के प्रत्याशित मूल्य के बराबर राशि, इनमें से जो भी कम हो, पाने के लिए पात्र है । दूसरी बार अथवा बाद में किसी और मौके पर अग्रिम की यह राशि घटाकर 75,000/—रु0 अथवा सरकारी कर्मचारी के 16 महीनों के मूल वेतन अथवा मोटर कार के प्रत्याशित मूल्य के बराबर तक, इन में जो भी कम हो, कर दी जाती है ।

उपर्युक्त सीमाएं 1987 में निर्धारित की गयी थीं ।

उपर्युक्त के अलावा सरकारी कर्मचारियों को यह भी विकल्प प्राप्त है कि वे मोटर साईकल/स्कूटर खरीदने के लिए 8000/—रु० तक अथवा मोटर कार खरीद के लिए 50,000/—रु० तक की राशि अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में से अग्रिम ले सकते है अथवा निकलवा सकते है, ताकि वे अग्रिम राशि तथा वार्डन की वास्तविक लागत के बीच होने वाले अंतर को पूरा कर सकें ।

(ख) और (ग) हालांकि मोटर साइकिलों और कारों के मूल्यों में वृद्धि हुई है, तथापि संसाधनों की कमी की वजह से मोटर साइकिल मोटर कार अग्रिम की सीमा में वृद्धि करना फिलहाल संभव नहीं है ।

Representation by Primary Agricultural Cooperative Society to Andhra Bank

3337. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Andhra Bank has not reacted to diverse representations of Primary Agricultural Cooperative Societies in West Godavari disrict, Andhra Pradesh for loan write-offs;

(b) what reasons have been advanced by Andhra Bank in the case of Krishnaraopeta Primary Agricultural Cooperative Society in West Godavari district, Andhra Pradesh;